# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

दूरभाष/Phone: 07152-255707, वेबसाइट/ Website : www.hindivishwa.org


ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## अतिथि अध्यापक की अस्थायी नियुक्ति हेतु रोज़गार सूचना

(क्रमांक : म.गां.अं.हिं.वि/स्था. एवं प्रशा./13/2022 दिनांक 04.11.2022)

विश्वविद्यालय के वर्धा मुख्यालय में अकादमिक सत्र 2022–23 के लिए अतिथि अध्यापक (Guest Faculty) की पूर्णतया अस्थायी तौर पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आमंत्रित हैं। चयनित अभ्यर्थी को रु.1,500/– प्रति कालांश (अधिकतम रु .50,000/– प्रतिमाह) की परिसीमा में, मानदेय दिया जायेगा।

इच्छुक आवेदक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर पूर्णतया अस्थायी तौर पर नियुक्ति हेतु उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन लिंक में अपेक्षित विवरण भरकर अपनी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता एवं अनुभव से संबंधित प्रमाणपत्र की स्व–सत्यापित प्रति **दिनांक 07.11.2022 अपराह्न 01:00 बजे तक अपलोड करें।**

इन पदों के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं संबंधी विवरण निम्नानुसार है तथा नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक F.25-1/2018(PS/MISC.) दिनांक 28 जनवरी, 2019 (प्रति संलग्न) के अनुसार होंगी :

| पद कोड | विद्यापीठ का नाम | विभाग का नाम | विषय | पद संख्या एवं श्रेणी | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अन्य अपेक्षित योग्यताएं |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विधि विद्यापीठ | विधि विभाग | विधि | 01 - अन्य पिछड़ा वर्ग | 1. यूजीसी मानदंडों के अनुरूप<br>2. संबंधित/आनुषंगिक विषय में नेट एवं/पीएच.डी.<br>3. स्नातकोत्तर विषय : विधि | • हिंदी में अध्यापन की क्षमता<br>• कम्प्यूटर अनुप्रयोग में कुशलता<br>• संबंधित विषय क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता का शोध एवं प्रकाशन |
| 2 | मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ | जनसंचार | जनसंचार | 01 – अनारक्षित<br>01 – आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग | 1. यूजीसी मानदंडों के अनुरूप<br>2. संबंधित/आनुषंगिक विषय में नेट एवं/पीएच.डी.<br>3. स्नातकोत्तर विषय जनसंचार | |

उपर्युक्त पद कोड 2 के संबंध में उल्लेखनीय है कि **दिनांक 15.07.2022** को **जारी** रोजगार सूचना (**क्रमांक म.गां.अं.हिं.वि/स्था. एवं प्रशा./07/2022) के तहत** जनसंचार विषय में अनारक्षित श्रेणी (पद कोड–16) विज्ञापित किया गया था। उक्त के आलोक में जिन आवेदकों ने आवेदन किया था, **उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है तथापि यदि कोई आवेदक उनकी योग्यता अथवा अनुभव आदि में कुछ अद्यतन करने के इच्छुक हों तो मेल आई डी** recruitmentcell.mgahv@gmail.com **पर कुलसचिव को संबोधित आग्रह के साथ संबंधित दस्तावेज की स्व–सत्यापित छायाप्रति आवेदन करने की अंतिम तिथि से पूर्व भेज सकते हैं।**

उपर्युक्त पद में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों हेतु स्नातकोतर उपाधि के अंकों में भारत सरकार के नियमानुसार 5% छूट देय होगी। उपर्युक्त पदों में भारत सरकार के नियमानुसार आरक्षण लागू होगा।

साक्षात्कार ऑनलाइन पद्धति से होगा। ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु व्यवस्था आवेदक को स्वयं करनी होगी तथा इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा होने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा। शार्टलिस्ट किये गये योग्य उम्मीदवारों को ऑनलाइन साक्षात्कार हेतु समय की जानकारी तथा लिंक उनके द्वारा आवेदन में दिए गये मेल आईडी पर साक्षात्कार समय से एक घंटा पूर्व भेजा जायेगा।

इस संदर्भ में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिया जायेगा। विश्वविद्यालय की आवश्यकता के मद्देनजर उक्त विज्ञापन को निरस्त करने, पद भरने अथवा न भरने तथा उल्लिखित संख्या में कमी/वृद्धि करने हेतु संपूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

कादर नवाज़

**कुलसचिव**

04/11/22